कुल पृष्ठ संख्या–32 (कवर पेज सहित)  क्रम संख्या....

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## उच्च माध्यमिक परीक्षा

(परीक्षार्थी द्वारा स्वयं भरा जाना चाहिये)

Candidate's Roll No. In English

(In Figures)

(In Words) ..............................

परीक्षार्थी का नामांक हिन्दी में

शब्दों में ..............................

नोट :– परीक्षार्थी उपरोक्त के अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका के अन्य किसी भी भाग में अपना नामांक नहीं लिखें।

माध्यम – हिन्दी ✓ अंग्रेजी

विषय ...... राजनीति विज्ञान ......

परीक्षा का दिन ...... सोमवार ......

दिनांक ...... 11/3/2019 ......

नोट :– परीक्षार्थी के लिए आवश्यक निर्देश इस पृष्ठ के पिछले भाग पर उल्लेखित हैं। जिन्हें सावधानी पूर्वक पढ़ लें व पालना अवश्य करें।

परीक्षक हेतु निर्देश :– (1) परीक्षक को उपरोक्त सारणी अनुसार प्राप्तांक भरना अनिवार्य हैं, अन्यथा नियमानुसार दंडित किया जायेगा।

(2) परीक्षक उत्तर पुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों के बायीं ओर निर्धारित कॉलम में लाल इंक से अंक प्रदत्त करें।

(3) कुल योग भिन्न में प्राप्त होने पर उसे पूर्णांक में ही परिवर्तित कर अंकित करें (उदारणार्थ : 15 ¼ को 16, 17 ½ को 18, 19 ¾ को 20)

### प्रश्नवार प्राप्तांकों की सारणी
(परीक्षक के उपयोग हेतु)

| प्रश्नों की क्रम संख्या | प्राप्तांक | प्रश्नों की क्रम संख्या | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|
| 1 | | 19 | |
| 2 | | 20 | |
| 3 | | 21 | |
| 4 | | 22 | |
| 5 | | 23 | |
| 6 | | 24 | |
| 7 | | 25 | |
| 8 | | 26 | |
| 9 | | 27 | |
| 10 | | 28 | |
| 11 | | 29 | |
| 12 | | 30 | |
| 13 | | 31 | |
| 14 | | योग | |
| 15 | | प्राप्त अंकों का कुल योग (Round off) | |
| 16 | | अंकों में | शब्दों में |
| 17 | | | |
| 18 | | | |

परीक्षक के हस्ताक्षर .............. संकेतांक

प्रमाणित किया जाता है कि इस उत्तर पुस्तिका के निर्माण में 58 जी.एस.एम. क्रीमवोव कागज ही उपयोग में लिया गया है।165/2019

## परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश

1. समस्त प्रश्नों का हल निर्धारित शब्द सीमा में इसी उत्तर पुस्तिका में करना है। विशेष परिस्थिति में अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका पृथक से उत्तर पुस्तिका भरी हुई होने पर पर्यवेक्षक एवं वीक्षक की अनुशषां पर ही उपलब्ध कराई जायेगी।
2. प्रश्न–पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना नामांक लिखें।
3. प्रश्न–पत्र हल करने के पश्चात् जिस पृष्ठ पर हल समाप्त होता है, उस पर अन्त में "समाप्त" लिखकर अन्त के सभी रिक्त पृष्ठों को तिरछी लाईन से काटें।
4. निम्न बातों का विशेष ध्यान रखें अन्यथा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकेगी।
   (i) उत्तर पुस्तिका के ऊपर/अन्दर तथा प्रश्नोत्तर के किसी भी भाग में चाही गई सूचना के अलावा अपना नामांक, नाम, पता, फोन नम्बर अथवा पहचान की कोई अन्य प्रकार की सूचना आदि अंकित नहीं करें अन्यथा "अनुचित साधनों के प्रयोग" के अन्तर्गत कार्यवाही की जावेगी।
   (ii) उत्तर पुस्तिका के पृष्ठों को फाड़ें नहीं। उत्तर–पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अंकित संख्या के अनुसार पृष्ठ पूरे होने चाहिये। परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका प्राप्त करते ही पृष्ठ संख्या की जांच कर लें यदि पृष्ठ कम/अधिक या क्रम में नहीं हैं तो वीक्षक से तुरन्त बदलवा लें।
   (iii) परीक्षा केन्द्रों पर पुस्तक, लेख, कागज, केलक्यूलेटर, मोबाईल, पेजर आदि किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रोनिक उपकरण तथा किसी भी प्रकार का हथियार आदि ले जाना निषेध हैं।
   (iv) वस्त्र, स्केल, ज्योमेट्री बॉक्स पर कुछ न लिखकर लावें। टेबुल के आस–पास कोई अवैध सामग्री नहीं होनी चाहिये, इसकी जांच कर लें।
   (v) अपनी उत्तर पुस्तिका/ग्राफ/मानचित्र आदि परीक्षा भवन से बाहर ले जाना दण्डनीय अपराध है, अतः परीक्षा समाप्ति पर उत्तर पुस्तिका वीक्षक को बिना सौंपे परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ें।
5. उत्तरों को क्रमानुसार एक ही स्थान पर लिखें। प्रश्न क्रमांक भी सही अंकित करें, अन्यथा दण्ड स्वरूप परीक्षक को 1 अंक कम करने का अधिकार है। बीच में उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ रिक्त न छोड़ें। गणित विषय के लिए रफ कार्य उत्तर पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर करें तथा तिरछी रेखा से काटें।
6. जहाँ तक हो सके प्रश्न के सभी भाग के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में एक ही स्थान पर अंकित करें।
7. भाषा विषयों को छोड़कर शेष सभी विषयों के प्रश्न–पत्र हिन्दी–अंग्रेजी दोनों भाषा में मुद्रित है। किसी भी प्रकार की त्रुटि/अन्तर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही माना जाये।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|
| प्रश्न | 1 | प्रत्याहान का अर्थ = प्रतिनिधी वापस बुलाना |
| प्रश्न | 2 | पॉलिटिकल सोशलाइजेशन पुस्तक 'हरबर्ट साइमन' है। |
| प्रश्न | 3 | धर्म एवं राजनीति के सम्बन्ध में गॉधीजी ने कहा है कि - धर्महीन राजनीति मृत्यू के समान है। |
| प्रश्न | 4 | भारत के प्रमुख समाजवादी विचारक - प॰ दीनदयाल उपाध्याय, राम मनोहर लोहिया है। |
| प्रश्न | 5 | नर्मदा बचाओ आन्दोलन का प्रमुख कारण - बांधो का निर्माण एवं वृक्षो की कम से कम कटाई करना था |
| प्रश्न | 7 | संविधान एवं नागरिक अधिकारो की व्याख्या का दायित्व सरकार के न्यायपालिका अंग को है। |
| प्रश्न | 6 | "भूख से मर रहे व्यक्ति के लिए लोकतन्त्र का कोई अर्थ व महत्व नही है।" यह कथन प॰ जवाहर लाल नेहरू का है। |
| प्रश्न | 8 | 74 वां संविधान संशोधन अधिनियम नगरीय स्थानीय स्वशासन से सम्बन्धित है। |

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|
| प्रश्न | (9) | साम्प्रदायिकता का दुष्परिणाम = राष्ट्र की एकता अखण्डता को चुनौती। |
| प्रश्न | (10) | भारत संघ की राजभाषा 'हिन्दी' का उल्लेख सं के अनुच्छेद 343 मे है। |
| प्रश्न | (12) | नकारात्मक उदारवाद की दो विशेषताए - (i) ये व्यक्ति की स्वतन्त्रता पर अधिक बल देत (ii) राज्य के न्यूनतम हस्तक्षेप को स्वीकार करत |
| प्रश्न | (13) | वैश्वीकरण ⇒ किसी एक देश का विश्व के अन्य देशो से सम्बन्ध ही वैश्वीकरण कहलाता इसके अन्तर्गत कोई भी देश व्यापार व वस्तु व सेवाओ के आयात - निर्यात के लिए संसा के अन्य देशो से सम्बन्ध बनाता है। |
| प्रश्न | (14) | हाँ नियोजन किसी भी देश के विकास के लिए आवश्यक है इसकी आवश्यकता के प्रमुख कारण निम्नलिखित है - (i) सभी क्षेत्रो का सर्वांगीण विकास के लिए (ii) बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए |

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

प्रश्न (15) 91 वें संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा मंत्रिपरिषद के आकार के सम्बन्ध मे ये प्रावधान किया गया है कैबिनेट मंत्रियो की सख्याँ लोकसभा व विधानसभा की कुल सदस्या सख्याँ के 15% से अधिक नही हो सकती।

प्रश्न (16) क्षेत्रवाद की समस्या के समाधान के दो उपाय -

(i) संतुलित राष्ट्रीय नीति का निर्माण ⇒ क्षेत्रवाद की समस्या के समाधान के लिए ये एक प्रमुख उपाय है इसके अन्तर्गत सभी नीतियो को संतुलित रूप मे लागु करना चाहिए ताकि सभी क्षेत्रो का सर्वांगीण विकास हो

(ii) विभिन्न कार्यक्रमो को परियोजना के रूप में लागु करना = इसके अन्तर्गत सभी परियोजना को सभी क्षेत्रो मे लागु करना चाहिए।

प्रश्न (17) भारत नेपाल के मतभेद को निम्नलिखित बिन्दुओ के अन्तर्गत समझ सकते है।

(i) भारत व नेपाल की भूमि मे शरण लेने वाले आंतकवादी व तस्करो को लेकर नेपाल खिन्न रहता है

(ii) 1950 की पारगमन सन्धि भी दोनो के बीच मतभेद करती रहती है।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

प्रश्न (18) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के दो प्रमुख उद्देश्य निम्न है -

(i) दक्षिण एशियाई देशो के मध्य व्यापार बढ़ान

(ii) इसके सभी सदस्यो देशो के मध्य सामा
आर्थिक व सांस्कृतिक सम्बन्धो को बढ़ान

प्रश्न (11) शक्ति व बल मे अन्तर -

| | शक्ति | बल |
|---|---|---|
| 1 | शक्ति प्रच्छन्न बल है | जबकी बल अप्रच्छन्न है |
| 2 | शक्ति दमनात्मक होती है | जबकी बल प्रभावात्मक होता है |
| 3 | उदा. भारतीय प्रधानमंत्री की शक्ति | उदा. गुण्डो मे भ्रष्टाचार का बल |

प्रश्न (19) (अ) कानूनी न्याय ⇒ इसके अन्तर्गत सभी नागरिको को समान कानूनी अधिकार प्राप्त करने का अधिकार है ये दो बातो पर बल देता

(i) सभी कानून न्यायोचित होने चाहिए तथा

(ii) उन कानून को समाज में न्यायपूर्ण से लागु करना चाहिए।

(ब) सामाजिक न्याय ⇒ इसके अन्तर्गत समाज मे किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव नही करना चाहिए तथा सभी को समान अवसर प्राप्त होने चाहिए और जाति, धर्म, लिंग न आदी के आधार पर भेदभाव नही करना च

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
| --- | --- | --- |

प्रश्न (20) समानता के चार प्रकार निम्नलिखित है-

(i) नागरिक समानता ⇒ इसके अन्तर्गत सभी नागरिको को संविधान द्वारा समान आधिकार प्रदान किए गए है अत: किसी के साथ कोई ~~महत्व~~ भेदभाव नही किया गया है

(ii) राजनीतिक समानता ⇒ इसके अन्तर्गत सभी व्यक्तियो को राजनीति के क्षेत्र में विचार, अभिव्यक्ति, भाषण के माध्यम से समानता प्रदान की गई है।

(iii) शिक्षा की समानता ⇒ इस समानता के अन्तर्गत शिक्षा का आधिकार सभी को समान रूप से दिया गया है

(iv) आर्थिक समानता ⇒ इसके अन्तर्गत राज्य द्वारा आर्थिक संसाधनो का वितरण समान रूप से करना चाहिए।

प्रश्न (21) राजनीतिक संस्कृति की प्रमुख विशेषताए -

(i) समन्वयकारी स्वरूप = राजनीतिक संस्कृति का स्वरूप समन्वय कारी है ये प्राचीन व नवीन जीवन मूल्यो समन्वय स्थापित करती है।

(ii) नैतिक मूल्यो के प्रति समर्पण ⇒ राजनीति संस्कृति मे यदि नैतिकता का समावेश होता है तो ये विशिष्ट प्रकार की संस्कृति हो जाती है

(iii) अमूर्त रूप ⇒ राजनीतिक संस्कृति का स्वरूप अमूर्त होता है।

(iv) गतिशीलता ⇒ यदि राजनीतिक संस्कृति मे गतिशीलता होती है तो ~~के~~ उसका महत्व अधिक बढ़ जाता है।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

प्रश्न (22) राजनीति समाजीकरण के साधन –

(i) परिवार ⇒ परीवार बालक की प्रथम पाठशाल
है इसके अन्तर्गत वे रीति - रिवाज, परम्परा व
को सीखता है।

(ii) जनसंचार के साधन = इसके अन्तर्गत हमे
T.V. समाचार पत्रो के द्वारा व्यवहारिक ज्ञान
होता है

(iii) राष्ट्रीय प्रतीक = इसके माध्यम से व्यक्ति
राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान आदि के प्रति सम्म
भावना होनी चाहिए

(iv) शिक्षण संस्थाएँ = इसके माध्यम से बच्
अपना बौद्धिक विकास करता है।

प्रश्न (23)

| क्र. स. | दिवस | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | पर्यावरण दिवस | 5 जून |
| 2 | जल दिवस | 22 मार्च |
| 3 | पृथ्वी दिवस | 22 अप्रैल |
| 4 | जैवविविधता दिवस | 22 मई |

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

प्रश्न (24) हाँ भारतीय संविधान मे अल्पसंख्यको एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है भारतीय संविधान के अनुच्छेद 330 व 332 के तहत अनुसूचित जाति व अनुसूचित के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है इसके अन्तर्गत लोकसभा मे SC व ST के लिए 84 व 47 पद आरक्षित है ये व्यवस्था 26 जनवरी 2026 तक यथावत बनी रहेगी।

प्रश्न (25) भारत मे भ्रष्टाचार को रोकने के प्रमुख उपाय-

(i) भारत की जनता मे शिक्षा का प्रसार व प्रचार करने से भ्रष्टाचार कम होगा

(ii) नेता, पुलिस, राजनीतिज्ञो की निष्पक्षता से भी भ्रष्टाचार कम होता है।

(iii) मतदाताओ की गम्भीरता से भी भ्रष्टाचार का समाधान हो सकता है

(iv) जनता को अपने अधिकारो के प्रति जागरूकता लाना भी भ्रष्टाचार कम करने का महत्वपूर्ण आधिकार है। —

प्रश्न (26) संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद् - सुरक्षा परिषद मे 5 स्थाई सदस्य देश है तथा 10 अस्थाई सदस्य होते है इसके अन्तर्गत स्थाई सदस्यो देशो मे, अमेरीका, ब्रिटेन, चीन, फ्रास, रूस है

सुरक्षा परिषद् के प्रमुख कार्य →

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|
| | | (i) सभी देशो के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय विवादो को सुल |
| | | (ii) परमाणु व निःशस्त्रीकरण के क्रियान्वयन मे सहायक |
| | | (iii) सभी देशो के मध्य आपसी सहयोग स्थापित करना |
| | | (iv) ये किसी भी देश की शिकायत पर विचार व उसका निपटारा करती है। |
| प्रश्न | (27) | हाँ गुटनिरपेक्ष आन्दोलन आज भी प्रासंगिक |
| | | (i) विश्व की विभिन्न समस्याओ व चुनौतियो सम्बन्ध मे सहयोग स्थापित करता है |
| | | (ii) एशिया, अफ्रीका व लेटीन अमेरीका के देशो को आज भी सहयोग के माध्यम अन्तर्राष्ट्रीय मंच की तरह कार्य करता है |
| | | (iii) विश्व के विभिन्न खतरे पर्यावरण प्रदूषण जलवायु परिवर्तन आदि चुनौतियो का साम करता है। |
| | | (iv) तथा विभिन्न देशो के मध्य सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक सहयोग बढाने मे सहायक है। |
| प्रश्न | (28) | (अ) वर्ग संघर्ष का सिद्धान्त => वर्ग संघर्ष का सिद्धान्त शक्ति की संरचना |

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

सिद्धान्तो मे सर्वाधिक महत्वपूर्ण है इसके अन्तर्गत समाज को दो वर्गो में विभाजित किया जाता है बुर्जुआ व सर्वहारा वर्ग इसके सम्बन्ध में मार्क्स की मान्यता है कि समाज में इन दोनो वर्गों के मध्य निरन्तर संघर्ष चलता रहता है पूंजीपति वर्ग मजदूर वर्ग पर अपना आधिपत्य जमाने की कोशिश करते है और उनका समाज में हर तरह से शोषण किया जाता अत: अब तक का इतिहास वर्ग-संघर्ष का इतिहास है।

(ब) अतिरिक्त मूल्य का सिद्धान्त ⇒ ये सिद्धान्त मार्क्स रिकार्डो से प्रभावित होकर देता है इसके सम्बन्ध में मार्क्स कहता है कि रिकार्डो ठीक ही बोलता है सम्पूर्ण वस्तु की कीमत पर श्रमिक का हक होना चाहिए परन्तु श्रमिक वर्ग को वस्तु की कीमत का बहुत कम भाग प्राप्त होता है और शेष भाग पूंजीपति वर्ग अपने पास रख लेता है अत: श्रमिक वर्ग का हर तरह से शोषण होता है।

प्रश्न (30) भारत के राष्ट्रपति की सामान्य कालीन शक्तियाँ इस प्रकार है।

(i) कार्यपालिका शक्ति ⇒ ये राष्ट्रपति की प्रमुख सामान्यकालीन शक्ति है इसके अन्तर्गत राष्ट्रपति महत्वपूर्ण पदाधिकारियो की नियुक्ति करता है। तथा अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति को क्षमादान

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

की शक्ति का अधिकार प्राप्त है इसके तहत वे तीनो सेनाओ थल सैना, जल सैना व वायु सैना का सर्वोच्च सेनापति होता है

(ii) विधायी शक्ति ⇒ इसके अन्तर्गत राष्ट्रपति सत्र आहूत व सत्रावसान करता है तथा लोकसभा को वे अपने कार्यकाल से पूर्व ही भंग कर सकता है राष्ट्रपति लोकसभा मे 2 सदस्य व राज्यसभा में 12 सदस्य मनोनीत करता है जो साहित्य, कला शिक्षा व समाजसेवा में विशेष योगदान रखते हो इसके अलावा राष्ट्रपति अनु. 123 के अनुसार अध्यादेश जारी कर सकता है।

(iii) वित्तिय शक्ति ⇒ राष्ट्रपति को वित्तिय शक्ति प्राप्त है अनु. 117(A) के अनुसार राष्ट्रपति की सिफारिश पर ही वित्त विधेयक लोकसभा मे पेश किया जाता है तथा अनुच्छेद 113 के अनुसार राष्ट्रपति की अनुमति पर ही संचित निधी मे वित्त की मांग की जा सकती है।

(iv) न्यायिक शक्ति ⇒ राष्ट्रपति को कुछ न्यायिक शक्तियाँ भी प्राप्त की गई है इसके अन्तर्गत राष्ट्रपति ये देखता है कि ये दण्ड कार्यपालिका के अन्तर्गत आता है या फिर किसी अधीनस्थ न्यायलय द्वारा दण्ड दिया गया है अनु. 72 के अनुसार राष्ट्रपति क्षमादान की शक्ति के द्वारा मृत्युदण्ड को भी क्षमा कर सकता है।

| परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर |
|---|---|---|

प्रश्न (२४)

(अ) धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद २5 से २8 मे दिया गया है इसके अन्तर्गत निम्नलिखित प्रावधान किया है।

(i) अन्तःकरण की स्वतन्त्रता अनु: २5 ⇒ इसके अन्तर्गत सभी व्यक्तियो को ये स्वतन्त्रता प्रदान की गई वे कोई सा भी धर्म अपना सकते है।

(ii) सभी धर्मों को धार्मिक मामले प्रबन्ध करने की स्वतन्त्रता अनुच्छेद २6 ⇒ इसके अन्तर्गत ये प्रावधान किया गया है कि सभी धर्मों को अपने धर्म विशेष के मामले प्रबन्ध करने का अधिकार है।

(iii) धार्मिक कार्यो के लिए दान लेना व दैना कर मुक्त होगे अनुच्छेद २7 ⇒ इसके अन्तर्गत धार्मिक कार्यों मे दान के सम्बन्ध मे कोई कर नही लिया जाएगा।

(iv) सभी धर्मों को धार्मिक शिक्षण सस्थाएँ चलाने का अधिकार ⇒ अनुच्छेद २8 ⇒ सभी धर्मों को अपने धर्म की शिक्षण सस्थाएँ चलाने का अधिकार है।

(ब) सवैधानिक उपचारो का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत है इसे अम्बेडकर जी ने संविधान की आत्मा कहा है। ये व्यक्ति के अधिकारो की रक्षा रिट के माध्यम से करता है

इसके अन्तर्गत सर्वोच्च न्यायलय पाँच प्रकार की रिट जारी कर सकता है।

परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक | प्रश्न संख्या | परीक्षार्थी उत्तर

(i) बन्दीप्रत्यक्षीकरण लेख ⇒ ये उस व्यक्ति की प्रार्थना पर जारी किया जाता है जो ये समझता है कि उसको अवैध रूप से बन्दी बनाया गया है।

(ii) परमादेश ⇒ इसके अन्तर्गत सर्वोच्च न्यायलय व्यक्तियो के कर्तव्य पालन के लिए आदेश जारी कर सकता है।

(iii) प्रतिषेध लेख ⇒ इसके अन्तर्गत सर्वोच्च न्यायलय निम्नतम न्यायलयो को ये आदेश देता है कि आप इसके सम्बन्ध मे कोई कार्यवाही नही करे क्योकी ये आपके क्षेत्राधिकार से बाहर है।

(iv) उत्प्रेषण लेख = इसके अन्तर्गत सर्वोच्च न्यायलय किसी भी मामले को स्वयं पास मंगाने का आदेश देता है।

(v) अधिकार पृच्छा ⇒ इसके अन्तर्गत सर्वोच्च न्यायलय किसी भी अधिकारी से ये पूछ सकता कि तुम किस पद पर कार्य कर रहे हो

अतः संवैधानिक उपचारो का अधिकार सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। क्योकी ये मानव के अधिकारो की रक्षा करता है।

समाप्त